सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 129 | इंदौर, शुक्रवार 17 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. Global South: 'पश्चिम एशिया में हुई घटनाओं से उभर रहीं नई चुनौतियां, हमारा एकजुट रहना जरूरी', PM मोदी की अपील
2. War: नेतन्याहू का छलका दर्द, गाजा में लोगों की मौत को कम करने के प्रयास में सफल नहीं रहा स्राइल

# पूरा प्रदेश मना रहा लोकतंत्र का महापर्व



## कहीं पर धीमा तो कहीं तेज गति से हो रहा मतदान

एमपी की **230** विधानसभा सीटों पर **27.79%** वोटिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। आज पूरा मध्यप्रदेश लोकतंत्र का महापर्व मना रहा है। इस महापर्व में मतदाता अपने मतदान की आहूति सुबह से ही दे रहे हैं और प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम में बंद कर रहे हैं। कहीं पर धीमा तो कहीं पर तेज गति से मतदान हो रहा है।**

मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए आज 17 नवंबर (शुक्रवार) को वोटिंग हो रही है। प्रदेश में 11 बजे तक 27.79 प्रतिशत वोटिंग हुई। छतरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा की गाड़ी चला रहे पार्षद की हत्या कर दी गई। मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर फायरिंग हो गई। दिमनी से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भाजपा प्रत्याशी हैं। हरदा में पोलिंग बूथ पर करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। छिंदवाड़ा में पोलिंग बूथ का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद नकुलनाथ को भाजपाइयों ने रोक दिया। इस पर हंगामा हो गया।

छतरपुर जिले के राजनगर से विधायक विक्रम सिंह नाती राजा पर गाड़ी चढ़ाकर हत्या का प्रयास किया गया। फायरिंग में गाड़ी चला रहे पार्षद सलमान खान की मौत हो गई है। विक्रम का आरोप है कि हमला भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया ने कराया। मामले में दोनों के समर्थक थाने में आमने-सामने हो गए हैं। अरविंद पटेरिया ने वीडियो जारी कर कहा, कांग्रेस प्रत्याशी झूठा आरोप लगा रहे हैं।



नंदिनी धकिते (14/11/2004) पहली बार वोटिंग

### पांच बड़े जिलों में मतदान प्रतिशत

| | |
|---|---|
| भोपाल | 19.30 |
| इंदौर | 21.83 |
| ग्वालियर | 19.82 |
| जबलपुर | 25.94 |
| उज्जैन | 29.14 |

### 12.01% पुरुष और 11.89% महिलाओं ने डाले वोट

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा, दिमनी के मिरघान में गोली चलने की सूचना आई थी, लेकिन मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने गोली चलने से इनकार किया है। कलेक्टर ने बताया कि मामूली झड़प हुई थी। सीईओ ने कहा, छतरपुर के राजनगर में कांग्रेस प्रत्याशी के ड्राइवर की हत्या कल हुई थी। पुलिस जांच कर रही है। जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### शिवराज और कमलनाथ ने कहा- हम चुनाव जीतेंगे

छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सीएम कमलनाथ ने सौंसर में वोट डाला। उन्होंने कहा 'मैं शिवराज सिंह नहीं जो बोलूं कि इतनी सीटें आएंगी। जनता तय करेगी कि कितनी सीटें आएंगी। बीजेपी धर्म को मुद्दा बनाती है। हम नहीं।'

राहुल गांधी ने कहा, 'मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का तूफान आ रहा है- भारी बहुमत के साथ।'

सीएम शिवराज सिंह ने कहा, 'हर तरफ लोगों में जबरदस्त उत्साह है। मुझे प्रदेश में लाड़ली बहनों, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों का प्रेम मिल रहा है। जीत हमारी होगी।

### एक नजर इधर भी

1. हरदा के धनगांव में मतदान केंद्र पर करंट लगने से सुनील (27) पिता भूरे लाल की मौत हो गई। यहां टेंट को ऊंचा करते वक्त चार लोगों को करंट लगा था। घायल पंचायत सचिव अनिल विश्नोई का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
2. खरगोन जिले में पोलिंग बूथ की लाइन में खड़ी भूरली बाई (53) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। भूरली बाई को लकवा की बीमारी थी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। भिंड की मेहगांव विधानसभा के मानहढ़ गांव में बीजेपी प्रत्याशी राकेश शुक्ला को कुछ लोगों ने घेर लिया। शुक्ला को बचाने के लिए गार्ड ने गोली चलाई।
3. खुरई से कांग्रेस प्रत्याशी रक्षा राजपूत ने मंत्री भूपेंद्र सिंह व कार्यकतार्ओं पर रुपए और शराब बांटने के आरोप लगाए। मालथौन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी सहित पुलिसकर्मियों पर भी शराब और पैसा बंटवाने के आरोप लगाए हैं।
4. छिंदवाड़ा में सांसद नकुलनाथ को इखढ कार्यकतार्ओं ने मतदान केंद्र में जाने से रोक दिया। इस बात पर हंगामा हो गया। नकुलनाथ पोलिंग बूथ पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विजय पांडेय ने उन्हें वार्ड 25 बरारीपुरा के बूथ 25 के अंदर जाने नहीं दिया। छिंदवाड़ा से नकुलनाथ के पिता कमलनाथ कांग्रेस प्रत्याशी हैं। इखढ से विवेक साहू कैंडिडेट हैं।
5. इंदौर की महू में भाजपा कार्यकर्ता बीरबल ने कांग्रेस कार्यकर्ता दयाराम और तोलाराम पर तलवार से हमला कर दिया। दोनों को मालवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बीरबल को हिरासत में लिया है।
6. शुजालपुर में भाजपा प्रत्याशी और मंत्री इंदर सिंह परमार के समर्थकों और कांग्रेस प्रत्याशी रामवीर सिंह सिकरवार के समर्थकों के बीच तीखी नोंकझोक हो गई। इस दौरान मंत्री परमार भी मौजूद थे। यहां मशीन खराब होने के कारण 40 मिनट तक मतदान भी बंद रहा।
7. चित्रकूट, सतना के वेंकट, जबलपुर में साइंस कॉलेज, नागौद के कुलगढ़ी और खिलचीपुर के पिपली बाजार के मतदान केंद्र की एश्ट में वोटिंग शुरू होते ही खराबी आ गई। इनको सुधारने के बाद मतदान दोबारा शुरू हुआ।
8. सतना विधानसभा के मतदान केंद्र पर करीब एक घंटे तक वोटिंग शुरू नहीं हो सकी।
9. सीहोर के आष्टा, रायसेन के सांची विधानसभा के झामर, शहडोल की जैतपुर विधानसभा के नगपुरा और मलया में लोगों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। वे मूलभूत सुविधाएं नहीं बनने से नाराज हैं। मैहर में विष्णुपुर मतदान केंद्र में दो स्थानों पर बरकुला और अमातारा में लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया।

# इन्दौर में मतदान केंद्र पर अनूठा प्रयोग, नगर निगम ने थीम आधारित बनाए आदर्श मतदान केन्द्र

◆ 3 आर, स्मार्ट, पिंक, फॉरेस्ट, चुनाव का इतिहास, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि विशिष्ट थीम पर दिखाई देंगे आदर्श मतदान केन्द्र:: ?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए, शहर में 3 आर, स्मार्ट, पिंक, विशिष्ट थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र का निर्माण किया गया है, उक्त आदर्श मतदान केन्द्र में पर्यावरण से संबंधित थीम पर बनाये गये मतदान केन्द्र पर जंगल सा होगा अनुभव, साथ ही 3 आर थीम पर बनाये गये, आदर्श मतदान केन्द्र पर शहर के विभिन्न 3 आर सेंटर से एकत्रित अनुपयोगी सामान से मतदान केन्द्र की साज-सज्जा की गई है, इसका मुख्य उद्देश्य है कि शहर के नागरिक यह देखे कि किस प्रकार से घर से निकलने वाले अनुपयोगी सामान से भी आकर्षक साज-सज्जा की जा सकती है।





आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह ने बताया कि निगम द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान नगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानो पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाने के साथ ही ऐसे आदर्श मतदान केन्द्र को 3 आर (रीयूज, रीडयूज, रीसायकिल) के साथ ही आदर्श मतदान केन्द्र को 3 आर की थीम के साथ ही ऐतिहासिक, ग्रीनरी-फॉरेस्ट, युवा, कला एवं संस्कृति, मालवा संस्कृति एवं पिंक थीम पर निर्माण किया गया है। इसके साथ ही शहर के ऐसे मतदान केन्द्र जहां पर समस्त मतदानकर्मी दिव्यांगजन है ऐसे विशेष दिव्यांगजन प्रबंधित मतदान केन्द्र का भी निर्माण गया है।

आयुक्त श्रीमती सिंह ने कहा कि इंदौर में आगामी विधानसभा निर्वाचन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के उदेश्यय से शहर में बनाये जा नहे आदर्श मतदान केन्द्र को अलग-अलग थीम पर बनाया गया है, जिसमें इंदौर शहर के इतिहास के साथ ही इंदौर की मालवा संस्कृति से ओत-पोत मतदान केन्द्र का निर्माण किया गया, जिसमे इंदौर की विरासत, इतिहास तथा मालवा की संस्कृति को प्रदर्शित किया गया, इसके साथ ही इंदौर जिस प्रकार से स्वच्छता में अग्रसर है उसी प्रकार से इंदौर के पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए, इंदौर के मतदान केन्द्रो को ग्रीनरी-फॉरेस्ट थीम पर निर्माण करते हुए, उक्त मतदान केन्द्र को आकर्षक साज-सज्जा के साथ ही तैयार किया गया है।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता के सदस्य 19 से श्रवणबेलगोला यात्रा पर जायेंगे

◆ धार्मिक स्थलों के साथ बेंगलुरु और मैसूर के रमणीय स्थलों का भ्रमण भी करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता के 51 सदस्य 19 नवंबर को श्रवणबेलगोला यात्रा पर रवाना होंगे। इस अवसर पर उनके द्वारा अनेक तीर्थ स्थलों के दर्शन का लाभ लिया जाएगा।

ये जानकारी देते हुए यात्रा के मुख्य संघपति और पूर्व डीएसपी डीके जैन, संयोजक प्रदीप टोंग्या और कुमुद बडजात्या ने बताया कि ये यात्रा श्री दिगंबर जैन माँ पद्मावती धाम, साधना नगर के गुरु जी श्री तेजकुमार जी सेठी (गोटू भैया) के मार्गनिर्देशन में निकलेगी। 19 नवंबर को सभी यात्रीगण रात 8 बजे इंदौर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन से बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे। स्टेशन पर सभी यात्रियों का स्वागत ग्रुप के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा किया जाएगा। फिर 21 से 23 नवंबर तक बेंगलुरु और मैसूर के रमणीय स्थलों का भ्रमण किया जाएगा। इसके पश्चात 23 की शाम से लेकर 25 नवंबर को दोपहर 1 बजे तक श्रवण बेलगोलाजी की यात्रा की जाएगी। इस अवसर पर भगवान गोम्मटेश बाहुबली के दर्शन करने के साथ पहाड़ी पर स्थित विभिन्न मंदिर जी के दर्शन किए जायेंगे। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राहुल सेठी, महासचिव विकास पण्ड्या और कोषाध्यक्ष सलोनी जैन ने बताया कि श्रवणबेलगोला में चन्द्रगिरी और विंध्यगिरी जी के दर्शन के पश्चात यहाँ के प्रख्यात मंदारगिरी के पिच्छी वाले मंदिर के भी दर्शन सभी श्रद्धालुगण करेंगे। यहाँ के दर्शन करने के बाद सभी बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे। वहाँ पर प्राचीन मंदिर के दर्शन का लाभ लेंगे। वापसी में सभी यात्रीगण बेंगलुरु से 25 नवंबर की शाम को फ्लाइट से इंदौर पहुँचेंगे, जहां यात्रा का समापन होगा।

## प्रदेश कांग्रेस में बबन अग्रवाल अग्रवाल प्रदेश सचिव नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबन अग्रवाल को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है। वे 1987 से कांग्रेस में कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए अब तक शहर युवक कांग्रेस में उपाध्यक्ष, महासचिव एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य भी रहे। उनकी संगठन क्षमता एवं कार्य शैली को देखते हुए उन्हें युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने असम में सदस्यता अभियान का प्रभारी एवं गुजरात में भी संगठन का प्रभारी नियुक्त किया था। अब प्रदेश में हो रहे विधानसभा एवं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अ.भा. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एम.खरगे, प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने उन्हें प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इस आशय का नियुक्ति पत्र संगठन प्रभारी राजीवसिंह ने जारी किया है। अग्रवाल की इस नियुक्ति पर शहर कांग्रेस सहित मालवा-निमाड़ अंचल के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं सौंपी हैं।

### कटाक्ष




## इंदौर जिले में लोकतंत्र के महोत्सव के लिए अपार उत्साह

**मतदान दलों को सुव्यवस्थित रूप से सहजता के साथ वितरित की गई मतदान सामग्री**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये शुक्रवार 17 नवंबर को मतदान होगा। जिले के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के 2561 मतदान केन्द्रों के लिये मतदान दलों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन सहित अन्य मतदान सामग्री का वितरण नेहरू स्टेडियम से किया गया। मतदान दलों को सामग्री वितरण की प्रक्रिया सुबह 6 बजे शुरू हुई और पहली बस सुबह 10 बजे रवाना हुई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी भी स्टेडियम में मौजूद थे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगणों ने भी मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। चिकित्सीय सुविधा के लिए सभी मतदान दलों को सामग्री के साथ मेडिकल किट भी उपलब्ध करायी गई।**

इसके अलावा प्रत्येक सेक्टर अधिकारी के साथ एक सेक्टर मेडिकल अधिकारी भी भेजा गया। मतदान दलों को आज उत्साह पूर्ण वातावरण में मतदान सामग्री का वितरण पूर्ण सुविधाजनक रूप से सहजता के साथ किया गया। मतदान दलों को टेबल-कुर्सियों पर बैठाकर मतदान सामग्री उपलब्ध करायी गई। मतदान सामग्री प्राप्त करने के लिये मतदान दलों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ा। सुबह 6 बजे मतदान दल के सदस्य स्टेडियम पहुंचे। अपने निर्धारित मतदान केन्द्र की टेबल-कुर्सियों पर बैठें। इन्हीं टेबलों पर नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और अन्य मतदान सामग्री लाकर दी गई। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के परिवहन के लिये बेट्री चलित वाहनों की व्यवस्था की गई थी। सभी दलों ने मतदान सामग्री प्राप्त करने की औपचारिकताएं पूरी की। पहला मतदान दल सुबह 10 बजे देपालपुर विधानसभा क्षेत्र के दुरूस्थ मतदान केन्द्रों के लिये रवाना हुआ। इसके पश्चात धीरे-धीरे सभी मतदान केन्द्र अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिय रवाना हुए। मतदान दलों को पुष्पहार पहनाकर रवाना किया गया।मतदान दलों के सदस्यों के लिये चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। सामग्री वितरण स्थल पर स्वच्छ और शीतल पेयजल की भी पर्याप्त व्यवस्था रखी गई थी। सफाई के लिये पर्याप्त कर्मचारी पूरे समय मौजूद रहे। कचरा होते ही उसे तुरंत हटाया गया।

मतदान दलों के समयावधि में मतदान केन्द्रों पर पहुंचने के लिए 587 रूट तैयार किए गए। मतदान दलों की रवागनी के लिए रिजर्व सहित कुल 710 बसें लगायी गईं। जिले में 583 क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व सहित 616 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गये हैं। 238 सेक्टर ऑफिसर्स और 238 पुलिस सेक्टर ऑफिसर्स की नियुक्ति की गई है।

# पुरुष आयोग नहीं तो वोट नहीं' व 'वोट फॉर नोटा' का कैंपेन

## पोस्टर्स में अपील की गई है कि महिला आतंकवाद, से प्रताड़ित परिवार 'नोटा' को वोट दें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुरुष अधिकारों के लिए कार्यरत संस्था 'पौरुष' (पीपल अगेंस्ट अनइक्वल रुल्स यूस्ड टू शैल्टर हैरसमेंट) द्वारा इस विधानसभा चुनाव में 'पुरुष आयोग नहीं तो वोट नहीं' व 'वोट फॉर नोटा' का कैंपेन शुरू किया गया है। इसे लेकर पीड़ितों ने अपने घरों के बाहर 'मेरा घर नेता प्रतिबंधित क्षेत्र है' के पोस्टर्स भी लगाए हैं। पोस्टर्स में अपील की गई है कि महिला आतंकवाद से प्रताड़ित परिवार 'नोटा' को वोट दें।**



संस्था अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि महिलाओं के पक्ष में 65 कानून हैं तथा डेढ़ दर्जन हेल्प लाइन सेंटर हैं, किंतु पुरुषों के लिए एक भी कानून अथवा सुनवाई का कोई प्लेटफार्म नहीं है। सभी महिला कानून पुरुष विरोधी हैं। इन महिला कानूनों के दुरुपयोग के कारण हर साल देश में 1.58 पुरुष आत्महत्या कर रहे हैं। जेंडर बायस्ड एक पक्षीय महिला कानून को खत्म कर जेंडर इक्वल कानून बनाए जाने तथा पुरुष आयोग का गठन करने की मांग को लेकर यह कैंपेन मध्य प्रदेश में इंदौर में उस दौरान मौन रूप में शुरू किया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो था। 2024 के लोकसभा के चुनाव के समय इसे देश भर में लागू किया जाएगा। संस्था के प्रदेश भर के सदस्यों का कहना है कि जो भी पार्टी 'पुरुष आयोग' बनाने का आश्वासन देंगी, हम उनका समर्थन करेंगे, अन्यथा नोटा को वोट देंगे। इसके लिए संस्था द्वारा बैनर्स और पोस्टर्स बनाकर पीड़ितों के घरों पर लगाए गए हैं जिसमें यह भी लिखा है कि 'मेरा घर नेता प्रतिबंधित क्षेत्र है'। संस्था का मानना है कि नोटा को वोट देकर हम पुरुषों के अधिकारों के लिए पीड़ितों की आवाज जनप्रतिनिधियों, विधायकों और सांसदों तक पहुंचाना चाहते हैं, ताकि नई विधानसभा में पुरुष आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू हो सकें। यह आयोजन दो दिन पहले शुरू हो चुका है। कैम्पेन से जुड़ने के लिए पीड़ित व्यक्ति हेल्प लाइन नं. 9425400999 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# भाजपा नेता ने जारी किया कांग्रेस प्रत्याशी शुक्ला का वीडियो : पुराने वीडियो पर कांग्रेस बोली- यह ओछी राजनीति

**इंदौर।** इंदौर-1 के कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला का एक पुराना वीडियो भाजपा ने सोशल मीडिया पर जारी किया है। इस वीडियो में शुक्ला स्विमिंग पूल में महिला के साथ ही पुरुषों को अपने हाथ से शराब पिलाते नजर आ रहे हैं। शुक्ला का यह वीडियो इंदौर का ही बताया जा रहा है। वीडियो को लेकर कांग्रेस का कहना है कि यह बीजेपी की ओछी राजनीति है। हम इस नकली वीडियो क्लिप के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा रहे हैं। कथित वीडियो को लेकर जब इंदौर-1 से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया। वहीं इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता और इंदौर-1 के प्रभारी प्रवक्ता अमित चौरसिया का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के भारी भरकम प्रत्याशी अपनी संभावित दिख रही हार की बौखलाहट में इस कदर हताश हो चुके हैं की वह इस तरह की ओछी राजनीति पर उतर आए हैं। जिस तरह चलते चुनाव मे उनके कच्चे चिट्ठे उजागर हुए हैं उसकी काट उन्हें कही नजर नहीं आ रही है। वहीं एक अन्य वीडियो को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला का कहना है कि निर्दलीय प्रत्याशी संजय शुक्ला के नाम से एक फर्जी आईडी भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय द्वारा एक फर्जी पेज तेज न्यूज के नाम से चलाया जा रहा है। इस पर लगातार कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला के खिलाफ एडिटेड वीडियो डाले जा रहे हैं। अब वह अपने प्रतिद्वंदी का चरित्र हनन कर मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा रहा है। जब चुनाव जीतने के लिए उनके समर्थकों द्वारा शराब, साड़ी, पायजेब, मोबाइल बांटने के साथ सारे हथकंडे अपना लिए। उसके के बाद भी वह मतदाताओं का मन परिवर्तित नहीं कर पाए तो वह इस तरह का फर्जी वीडियो प्रसारित कर संजय शुक्ला के चरित्र हनन का प्रयास कर रहे हैं। हम इस कूट रचित नकली वीडियो क्लिप के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा रहे हैं।

और इसे वायरल करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करवाएंगे। मध्य प्रदेश बीजेपी के सह-मीडिया प्रभारी दीपक टीनू जैन का कहना है कि इंदौर और मध्य प्रदेश की जनता यह बखूबी जानती है कि भाजपा ने हमेशा नैतिकता और सिद्धांतों की राजनीति की है। सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो से भाजपा का किसी भी तरह का कोई सरोकार ही नहीं है। नैतिक रूप से हार चुकी कांग्रेस, अब हास्यास्पद और बचकानी हरकतों पर उतर आई है। सबसे पहले तो कांग्रेस को ही इस वीडियो की सच्चाई का पटाक्षेप करना चाहिए और जनता को सच बताना चाहिए। मैं इतना ही कह सकता हूं कि चर्चा में आए वीडियो की तत्परता और प्राथमिकता से जांच होनी चाहिए, ताकि भाजपा पर लग रहे बेबुनियाद आरोप मतदान के पहले ही बेपर्दा हो सकें।

# विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में कैलाश विजयवर्गीय ने लिया मकान

## अब यहीं रह कर करेंगे क्षेत्र वासियों की सेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं क्षेत्र एक के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय अब क्षेत्र एक ही निवासी भी हो गए है। उन्होंने संगम नगर स्कीम नंबर 51 में मकान नं. 255 को अपना नया निवास बनाया है, जिसका मतदान से एक दिन पहले गुरुवार को आधिकारिक तौर पर गृह प्रवेश किया। इसी मकान से उनका विधायक कार्यालय भी संचालित किया जायेगा। यहां से ही क्षेत्र की जनता की सेवा, उनके सभी काम और लोगो से मुलाकात की जाएगी। संगम नगर क्षेत्र एक के सभी इलाकों से मध्य में होने की वजह से यहां मकान लिया गया है। मकान के बाहर भगवा कलर की नेम प्लेट लगाई गई है, जिस पर कैलाश विजयवर्गीय और आकाश विजयवर्गीय का नाम लिखाया गया है। शुभारंभ के अवसर पर कैलाश विजयवर्गीय ने शहर के तमाम पत्रकारों को प्रीतिभोज के लिए मकान पर आमंत्रित किया। यहां सभी पत्रकारों के साथ विजयवर्गीय ने पारिवारिक माहौल में वन टू वन चर्चा और भोजन किया। इस दौरान तमाम पत्रकारों का कैलाश विजयवर्गीय ने अपने हाथो से बर्फी खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

# टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के चुनाव की 10 दिसंबर को

## चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के साथ प्रकिया शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर ।** 850 सदस्यीय कर सलाहकारों की संस्था टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के चुनाव 10 दिसंबर को होंगे जिसके लिए वरिष्ठ सीए विक्रम गुप्ते को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया । चुनाव सात प्रमुख पदों अध्यक्ष , उपाध्यक्ष , मानद सचिव , सचिव ( एसजीएसटी ) , सचिव ( सीजीएसटी ) , संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पद के साथ 9 कार्यकारी सदस्य के लिए होंगे , पूर्व अध्यक्ष स्वतः कार्यकारी समिति के सदस्य होंगे । सीए गुप्ते ने बताया 24 और 25 नवंबर को फॉर्म दिए जाएंगे । 27 और 28 को जमा होंगे । 30 नवंबर को प्रत्याशियों की सूची लगाई जाएगी । 1 और 2 दिसंबर को फॉर्म वापसी होगी । 4 दिसंबर को अंतिम सूची का प्रकाशन होगा । 10 को मतदान के बाद मतगणना होगी । इंदौर में टीपीए के 850 सदस्य हैं जिसमें सीए , कर सलाहकार आदि हैं ।सीए शैलेंद्रसिंह सोलंकी वर्तमान में संस्था अध्यक्ष हैं।

# सौ साल पुराने बाजार में सुपारी-हल्दी के सौदों से शुरू हुआ कारोबार का नया साल

## बाजार में संपन्नता और सालभर बेहतर व्यापार जारी रहने की कामना भी की जाती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश की सबसे बड़ी और सौ साल पुरानी किराना मंडी सियागंज में कारोबार का नया साल गुरुवार से शुरू हुआ। दीवाली अवकाश के बाद नए कारोबारी संवत के मुहूर्त की परंपरा कायम रही। महावीर चौक में दी सियागंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, व्यापारियों, ब्रोकरों और हम्मालों ने एक जुट होकर लक्ष्मीपूजन किया। तय मुहूर्त में नए साल से शगुन के खास सौदे हुए। सियागंज एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल और मंत्री प्रीतिपाल टोंग्या के अनुसार लक्ष्मी पूजा के बाद मुहूर्त में कुछ खास वस्तुओं से व्यापारी की शुरूआत करने की परंपरा रही है। हल्दी-सुपारी के साथ गुड़-खारक और खोपरा के सौदे सबसे पहले किए जाते हैं। मां लक्ष्मी की प्रिय और शुभ मानी जाने वाली इन वस्तुओं से व्यापार की शुरूआत कर बाजार में संपन्नता और सालभर बेहतर व्यापार जारी रहने की कामना भी की जाती है। सौदों के बीच तीन दिन दिन से बंद दुकानों के शटर खुले और व्यापारी ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर दीवाली की बधाई भी दी।

# कांग्रेस नेता पर शराब बंटवाने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी में बुधवार रात बड़ा हंगामा हुआ। यहां कांग्रेस नेता पर शराब बेचने के आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय पार्षद ने पिटाई कर दी। कांग्रेस नेता दौड़ लगाते हुए थाने में घुस गए। यहां बीजेपी पार्षद और उनके समर्थक भी पहुंच गए। कांग्रेस नेता ने अपने कार्यवाहक अध्यक्ष और कांग्रेस प्रत्याशी को सूचना दी। टीआई के सामने ही कांग्रेस नेता को पार्षद और उनके समर्थक धमकाते रहे। बाद में एसीपी के और एडिशनल डीसीपी के हस्तक्षेप के बाद बीजेपी पार्षद के खिलाफ मारपीट की धाराओं मे केस दर्ज किया गया। द्वारकापुरी पुलिस ने कांग्रेस नेता रामलाल पुत्र धनुकलाल पाल निवासी गुरुशंकर नगर की शिकायत पर बीजेपी पार्षद राकेश जैन और उनके समर्थक सूरज शर्मा के खिलाफ मारपीट करने और धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। रामलाल ने कुछ समय पहले ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस जॉइन की है।

# आरोपी जिलाबदर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अपराधिक गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का सिलसिला जारी है। इसी सिलसिले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने खुडैल थाना क्षेत्र के ग्राम असरावद बुजुर्ग में रहने वाले दादू पिता गजानंद मालवीय को 6 माह के लिये जिलाबदर किया है। इस अवधि में उक्त आरोपी को इंदौर सहित उससे लगे हुए अन्य सीमावर्ती जिले उज्जैन, देवास, धार, खरगोन एवं खण्डवा जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया है।

# आज सार्वजनिक अवकाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 कार्यक्रमानुसार 17 नवम्बर, 2023 को मतदान होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया में अपना मत देना हर मतदाता का अधिकार है इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये मतदाताओं को मतदान की सुविधा देने के लिये राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) के तहत राज्य शासन द्वारा अवकाश घोषित किया गया है। संपूर्ण मध्यप्रदेश में विधानसभा आम चुनाव 2023 के सिलसिले में 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को मतदान के लिये सार्वजनिक अवकाश का दिन होगा। उक्त संबंध में श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा भी परिपत्र जारी कर अवकाश संबंधी निर्देश प्रसारित किये गये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा आदेश जारी कर इन्दौर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के लिये सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय, औद्योगिक, व्यवसायिक एवं निजी संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे उनके संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को मतदान की सुविधा प्रदान किये जाने के लिये उक्त दिनांक का सवैतनिक अवकाश देवें। जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत उक्त आदेश की पालना सुनिश्चित कराएं। यदि किसी संस्थान द्वारा आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें।

# कांग्रेस समर्थक को अगवा करने का प्रयास

### पुलिस पर मंत्री के दबाव में काम करने का आरोप; गोहद प्रत्याशी के बेटे पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड के अटेर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थक को पीट दिया। आरोप यह भी है कि कांग्रेस समर्थक को बंधक बनाकर ले जाने की भी कोशिश की गई। घर में मौजूद महिलाओं से बुरा बर्ताव किया गया। मामला बुधवार देर रात 10 बजे का है।**

सुरपुरा थाना पुलिस पर आरोपियों के विरुद्ध एक्शन लेने में लेटलतीफी का भी आरोप है। कांग्रेस प्रत्याशी हेमंत कटारे के भाई योगेश कटारे ने थाना प्रभारी अरविंद सिकरवार पर भाजपा प्रत्याशी और मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के दबाव में काम करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने इसे गलत बताया तो योगेश ने उनसे कहा कि आपके मोबाइल पर लगातार मंत्री के फोन आ रहे हैं। कॉल हिस्ट्री चेक कराएं। कांग्रेस का आरोप है कि जब कॉल हिस्ट्री की बात आई तो थाना प्रभारी का चेहरा फीका पड़ गया। थाना प्रभारी का कहना है कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थे, इतने में कांग्रेस के लोग भी आ गए। एफआईआर पूछताछ के बाद ही होती है। आरोप तो कोई भी लगा सकता है।

# गुना में कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग

### 10 घंटे से ज्यादा समय में पाया गया काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना शहर की बोहरा मस्जिद गली में कपड़ों के गोदाम में भीषण आग लग गई। अगल-बगल की दो इमारतों में आग लगी है। रात लगभग 1 बजे अचानक गोदाम में आग लगी। गोदाम से धुआं उठता है दिखा, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर चार फायर ब्रिगेड पहुंच गईं। 10 घंटे से ज्यादा समय मे आग पर काबू पाया जा सका।**

चौधरन कॉलोनी निवासी सुदीप जैन की लकी टेक्सटाइल नाम से बोहरा मस्जिद गली में दो गोदाम हैं। इनमें साड़ियां, कपड़े सहित अन्य सामान भरा था। करोड़ों का सामान गोदाम में भरा हुआ था। इसी में आग लगी। कपड़े होने के कारण आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

नगरपालिका के अलावा राघोगढ़, आरोन से भी फायर ब्रिगेड मंगाई गई हैं। 8 फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाने में लगी हुई हैं। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। हो सकता है शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो। बिल्डिंग के दोनों तरफ से आग बुझाने का काम किया जा रहा है। रढ विजय कुमार खत्री भी सुबह मौके पर पहुंचे। कपड़ों में लगातार आग धधक रही है। आस पास की बिल्डिंगों को भी खतरा था, लेकिन फायर ब्रिगेड ने लगातार पानी का छिड़काव कर आग को फैलने से रोका। लगभग 80-90 टैंकर पानी छिड़का गया।

# तुम्मी घाट से नीचे गिरी कार, 6 घायल

### पिकनिक मनाकर लौट रहा था परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल। जिला मुख्यालय से तकरीबन 25 किलोमीटर दूर घुनघुटी चौकी क्षेत्र के तुम्मी घाट में भीषण सड़क हादसा हो गया है। कार घाट से नीचे गिर गई जिसमें सवार छह लोग गंभीर घायल हो गए हैं। सभी को पुलिस व स्थानीय लोगों ने अस्पताल भिजवाया है। जहां घायलों का उपचार शुरू हो गया है।**

चौकी प्रभारी शैलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया है कि तुम्मी घाट से घूम कर परिवार कार से वापस लौट रहा था। इसी दौरान सिद्ध बाबा टर्निंग के समीप घाट से कार लगभग 30 फीट नीचे जा गिर गई जिसके कारण उसमें सवार सभी लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वहान से निकलकर अस्पताल भिजवाया है।

क्रमांक एम पी 20 सीके 4777 तुम्मी से लौट रही थी। कार में 6 लोग सवार थे, सभी शहडोल के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार घायलों में विपुल लालवानी ,नितिन राजवानी,कशिश राजवानी,श्रुति लालवानी,आयुषी लालवानी, खुशी जेठानी शामिल हैं।

# मालवा-निमाड़ में सूरज की किरणों से बिजली उत्पादन को लगे पंख

## ◆ 8550 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर लगे, मेरी छत-मेरी बिजली की भावना से ले रहे उपभोक्ता रुचि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के मालवा-निमाड़ में घरों, कार्यालयों, परिसरों, छतों पर सोलर पैनल्स लगाकर बिजली बनाने वालों की संख्या अब बढ़कर 8550 हो गई है। रूफटॉप सोलर नेट मीटर से जुड़ी इकाइयों की विद्युत उत्पादन क्षमता अब 110 मेगावॉट के करीब हो गई है।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में प्रतिमाह इस ग्रीन एनर्जी कार्य से बड़ी संख्या में उपभोक्ता जुड़ते जा रहे हैं। अब इंदौर शहर के मध्य एवं सीमावर्ती क्षेत्र में करीब 5100 एवं मालवा-निमाड़ क्षेत्र में कुल 8550 स्थानों पर पैनल्स लगाई गई है। कुल पैनल्स की संख्या एक लाख से ज्यादा है। इन स्थानों पर स्थापित पैनल्स की कुल विद्युत उत्पादन अधिकतम क्षमता 110 मेगावॉट के ऊपर है। 59 मेगावॉट क्षमता की पैनल्स निम्न दाब उपभोक्ताओं ने अपने यहां स्थापित की है। वहीं 51 मेगावॉट से ज्यादा की क्षमता की पैनल्स उच्चदाब उपभोक्ताओं के परिसरों में स्थापित है।

### उपभोक्ताओं के बिल में आ रही कमी

प्रबंध निदेशक तोमर ने बताया कि सौर ऊर्जा की ओर बिजली कंपनी के उपभोक्ताओं की रुचि कार्बन उत्सर्जन में कमी और हरित ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण है। तोमर ने बताया कि समय-समय पर सोलर नेट मीटर योजना में शासन की ओर से सब्सिडी मिलती है। इस रुचि से जहां मौजूदा बिजली उपभोक्ताओं के बिल में कमी आ रही है, वहीं भविष्य के लिए हरित ऊर्जा की ओर भी व्यापक समर्पण देखने को मिल रहा है।

### इन क्षेत्रों के परिसरों में सबसे ज्यादा रुचि

इंदौर शहर एवं आसपास - 5100
उज्जैन जिला - 1060
रतलाम जिला - 345
धार जिला - 310
खरगोन जिला - 290
नीमच जिला - 210

# 20 मिनट दहशत में रहे डकैतों से घिरे पिता-पुत्र

### रिटायर्ड आर्मी मैन बोले-13 मिनट में 8 कॉल किए; पुलिस बोली-पहुंच रहे हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। वो पल कभी नहीं भूल सकते। रात 2 बजे नकाबपोश बदमाशों ने गेट खटखटाया। मैंने पूछा- कौन हो। बोले- हम लुटेरे हैं, लूटने आए हैं। लहजे से लग रहा था कि दोनों बिहार से हैं। करीब 20 मिनट तक मैं और मेरा बेटा दहशत में रहे। हर पल मौत का डर सता रहा था। 13 मिनट के भीतर पुलिस को 8 कॉल किए। हर बार जवाब मिला- बस पहुंच ही रहे हैं। इस बीच डकैतों ने घर छान मारा। मिनटों में वे 20 हजार नकद, कम्प्यूटर हार्ड डिस्क, 5-6 लाख का सोना, चांदी के सिक्के और 3 बाइक ले जा चुके थे।**

यह कहना है भोपाल के 78 वर्षीय रिटायर्ड आर्मी मैन राम प्रकाश विरमानी का। उनके घर से सोमवार-मंगलवार रात डकैत करीब सात लाख के गहने, नकदी और अन्य सामान ले गए।

राम प्रकाश विरमानी बोले- मैं ड्राइंग रूम में सोया था। किसी ने गेट खटखटाया। मैंने पूछा- कौन हो। बोले- गेट खोलो अंकल, हम लुटेरे हैं, लूटने आए हैं। मैं डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन में पदस्थ रहा हूं। मुझे हमला करने और डिफेंस करने की ट्रेनिंग मिली थी। सैनिक होने के नाते मैंने बदमाशों से लोहा लेने का फैसला लिया।

पुलिसकर्मी हर बार आश्वासन देते रहे। कहते रहे- हम बेहद करीब हैं। आखिरी कॉल किया तो पुलिसवाले ने बताया कि हमें आपकी कॉलोनी से तीन बाइक सवार भागते दिखे हैं। लग रहा है कि आपके घर घुसे डकैत भाग गए हैं। हम उनका पीछा करने जा रहे हैं। फिलहाल, हम आपके घर नहीं आ सकते। आप बाहर निकल आओ। अब कोई खतरा नहीं है। इस समय करीब 2:20 बजे थे। मैं डरा हुआ था। मैंने कहा कि हम नहीं निकलेंगे। पहले घर आइए। इसके करीब आधे घंटे बाद पुलिस घर आई।

### चुनावी व्यवस्था में 145 पिंक बूथों पर तैनात रहेंगी महिलाएं, महिलाओं में दिखा उत्साह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले की पांच विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर गुरुवार को मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरण कर दलों को रवाना किया गया। इस दौरान शिवपुरी जिले की पांच विधानसभा सीटों पर 145 पिंक बूथ बनाए गए हैं जिन पर महिलाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिवपुरी शहर में 75 पिंक बूथ बनाए गए हैं। इन पिंक बूथों पर तैनात होने वाली सभी महिला कर्मचारी मतदान कराने में अपनी भूमिका निभाएंगी। शिवपुरी के पीजी कॉलेज से मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान पिंक बूथ पर तैनात होने वाली महिला मतदान कर्मियों में खासा उत्साह देखा गया। इन महिला मतदान कर्मियों से जब बात की तो उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी मिली है हम उसे पूरी जिम्मेदारी से निभाएंगे। हमें किसी तरह की कोई घबराहट नहीं है।

### मतदान के लिए अवकाश नहीं दिया तो होगी कानूनी कार्रवाई, फ्लाइंग स्कॉयड करेंगे रैंडम चेकिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पूरे प्रदेश में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान में सभी को मतदान कराने चुनाव आयोग अभियान चला रहा है। अब इसी कड़ी में भोपाल कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने चेतावनी दी है कि मतदान के दिन निजी संस्था, फैक्टरी, कारखाने अथवा ऐसे संस्थान जहां बड़े पैमाने पर कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश नहीं दिने पर कार्रवाई होगी।**

आशीष सिंह ने कहा कि ऐसे संस्थानों में फ्लाइंग स्क्वॉड के माध्यम से शुक्रवार को रैंडम चेकिंग की जाएगी। यदि यह पाया गया कि कर्मचारियों को मतदान के लिए अवकाश नहीं दिया गया है तो ऐसे संस्थानों के मालिकों के विरुद्ध पुलिस में एफआइआर भी दर्ज की जाएगी और पीपल्स रिप्रेजेंटेटिव एक्ट तथा अन्य संगत अधिनियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 'चाहे भाजपा जीत जाए, कांग्रेस को नहीं जीतना चाहिए', जैसे फर्जी वीडियो पर भड़की मायावती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को सभी 230 सीटों पर मतदान होगा। इससे पहले सोशल मीडिया पर नेताओं के बयानों से सियासी पारा चढ़ गया। अब बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती अपने एक फर्जी वायरल वीडियो पर नाराज हैं। इसको लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'एमपी, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि में चाहे भाजपा जीत जाए, किंतु कांग्रेस को नहीं जीतना चाहिए, जैसा विशुद्ध गलत व फर्जी वीडियो को कांग्रेस द्वारा प्रचारित करना दुर्भाग्यपूर्ण व उनकी हताशा का प्रतीक है। उन्होंने आगे लिखा कि यह षड्यंत्र बसपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए हुए है। लोग सावधान रहें।

मायावती ने आगे लिखा कि कांग्रेस का इन राज्यों में अति मिथ्या प्रचार जारी है, जबकि बीएसपी द्वारा चुनावी सभाओं में लोगों से वोट देने तथा विरोधी पार्टियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि हथकंडों से सावधान रहने की अपील की गई, जो पार्टी की मजबूत स्थिति को देखते हुए कांग्रेस की बौखलाहट से स्पष्ट है। अब जबकि मतदान नजदीक है विरोधी पार्टियों में भी खासकर कांग्रेस द्वारा, भाजपा से मजबूती से लड़ने के बजाय, बसपा विरोधी अपनी पुरानी नापाक हरकतों व साजिशों को जारी रखना घोर अनुचित व दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे लोग सावधान रहें तथा चुनाव आयोग भी इसका समुचित संज्ञान लें।

बता दें, सोशल मीडिया पर एक मायावती का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह कांग्रेस पार्टी को हराने की अपील करती नजर आ रही हैं। इसी वीडियो को लेकर मायावती ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है।

Jammu & Kashmir

# जम्मू-कश्मीर: कुलगाम में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, लश्कर के तीन आतंकी ढेर, तलाशी अभियान जारी



**जम्मू, (एजेंसी) दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ स्थल पर तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया हुआ है। हालांकि पुलिस की तरफ से अभी बयान जारी नहीं किया गया है।**

कुलगाम जिले के समनू गांव में गुरुवार दोपहर आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस, सेना की 34 आरआर और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने एक विशेष जानकारी पर कुलगाम के समनू गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इससे मुठभेड़ शुरू हो गई है। देर रात गोलीबारी रुक गई। शुक्रवार को दूसरे दिन सुबह फिर गोलीबारी शुरू हुई। बताया जा रहे है कि तीन आतंकी ढेर कर दिए गए हैं।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में वोटिंग के बीच CRPF की टीम पर नक्सली हमला, IED ब्लास्ट कर किया गया अटैक

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में आज दूसरे और अंतिम चरण के लिए 70 सीटों पर मतदान हो रहा है. इस बीच धमतरी में सीआरपीएफ की टीम पर नक्सली हमला हुआ है. गस्त पर निकले CRPF और DRG की टीम पर नक्सलियों ने एक के बाद एक IED ब्लास्ट किए. इस दौरान बाइक में सवार 2 CRPF जवान बाल-बाल बचे. सुरक्षाबलों की टीम मतदान दल को सुरक्षा प्रदान करने निकली थी . मौके पर दो IED होने की पुष्टि हुई है. नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए यह ब्लास्ट किया गया था. कल ही नक्सलियों के द्वारा मतदान बहिष्कार के बैनर-पोस्टर लगाए गए थे. इसे देखते हुए चुनाव आयोग द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. आपको बता दें कि राज्य के कुल 90 में विधानसभा सीटों में से 70 सीटों के लिए आज दूसरे चरण में मतदान हो रहा है. इससे पहले 20 सीटों पर पहले चरण में वोटिंग हुई थी. राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद बस्तर में कई स्थानों से चुनाव बहिष्कार के आह्वान से संबंधित नक्सली बैनर और पर्चे बरामद किए गए थे.

Uttarpradesh

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, ट्रक से टकराई यात्रियों से भरी बस, 2 की मौत

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे दो लोगों की जान चली गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब लखनऊ से इटावा जा रही यात्रियों से भरी बस एक्सप्रेसवे पर सबली खेड़ा गांव के पास पहुंची। इटावा में एक धार्मिक आयोजन के लिए खानपान सामग्री सहित 40 यात्रियों को लेकर जा रही बस सुबह करीब 4 बजे ट्रक से टकरा गई। टक्कर से बस पलट गई और डिवाइडर से टकरा गई। आपातकालीन कर्मियों ने तुरंत घायलों को बांगरमऊ के अस्पताल पहुंचाया। घायलों में से एक मजदूर ने दम तोड़ दिया। जिसकी पहचान मजदूर मोहित (25 वर्ष) के रूप में हुई। एक अन्य चालक लखनऊ के साही खेड़ा निवासी गंगाप्रसाद के पुत्र लाल बहादुर को भी मृत घोषित कर दिया गया।

Jharkhand

## झारखंड में भड़की हिंसा, जमकर बरसाए ईंट पत्थर, SI समेत दो पुलिसकर्मी घायल

**रांची, (एजेंसी) झारखंड में एक बार फिर दो गुटों में हिंसा भड़कने का मामला सामने आया है। इस दौरान दो पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर भी है। घटना झारखंड के गोड्डा जिले की बताई जा रही है। झड़प के दौरान जमकर ईंट पत्थर फेंके गए जिसमें एक एसआई समेत दो पुलिस कर्मी घायल हो गए।**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह झड़प बुधवार रात टाउन थाना क्षेत्र के पथरा चौक पर मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान हुई। मामला जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद से जुड़ा है।

अचानक झड़प होने के बाद जैसे ही पुलिस स्थिति को काबू में करने के लिए मौके पर पहुंची, तो एक समुदाय के दो गुट ईंट पत्थर फेंकने लगे। इस दौरान पुलिस कर्मियों और उनके वाहनों को निशाना बनाया गया। एसपी नाथू सिंह मीना ने कहा कि दोनों समूहों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया और पुलिस वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

उन्होंने बताया कि टाउन पुलिस थाने के प्रभारी मधुसूदन मोदक को मामूली चोटें आईं, जबकि उप-निरीक्षक उमेश मोदी को सिर में चोटें आईं। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद एसआई को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया।

खेल

# विश्व कप के सेमीफाइनल में 5वीं बार हारा दक्षिण अफ्रीका



**कोलकाता, (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका की टीम एक बार फिर से विश्व कप के सेमीफाइनल में हार गई। उसके पास 'चोकर्स' का ठप्पा हटाने का बेहतरीन मौका था, लेकिन वह अंतिम-4 की बाधा को पार नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार (16 नवंबर) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए सेमीफाइनल में उसे तीन विकेट से हरा दिया। कंगारू टीम आठवीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। वहां उसका मुकाबला 19 नवंबर (रविवार) को मेजबान भारत से होगा। दोनों टीमें 20 साल बाद विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। पिछली बार 2003 में कंगारू टीम ने भारत को 125 रन से हरा दिया था।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 212 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 47.2 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पांचवीं बार सेमीफाइनल में हारी है। तीन बार तो उसे ऑस्ट्रेलिया ने ही बाहर किया है। 1992 में इंग्लैंड ने हराया था। 1999 और 2007 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त मिली थी। वहीं, 2015 में न्यूजीलैंड ने उसका सपना तोड़ा था।

दूसरी ओर, कंगारू टीम आठ साल के बाद विश्व कप का फाइनल खेलेगी। वह 1987, 1999, 2003, 2007 और 2015 में चैंपियन बनी थी। ऑस्ट्रेलिया को 1975 और 1996 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उसे पिछली बार 2019 में इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में बाहर कर दिया था।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान बावुमा खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। इसके बाद क्विंटन डिकॉक तीन रन और डुसेन छह रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने कोलकाता में छाए बादलों का फायदा उठाया और मार्करम को 10 के स्कोर पर आउट कर दिया। 24 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका का टीम संघर्ष कर रही थी। इसके बाद क्लासेन और मिलर ने पारी संभाली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी कर मैच में अपनी टीम की वापसी कराई।

क्लासेन 47 रन बनाकर हेड का शिकार बने और अगली ही गेंद में यानसेन भी खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाज कोइत्जे ने मिलर का साथ मिभाया और दोनों ने सातवें विकेट के लिए 63 रन जोड़े। कोइत्जे को 19 रन के निजी स्कोर पर पैट कमिंस ने आउट किया, लेकिन तब तक दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 172 रन हो चुका था। महाराज चार रन और रबाडा 10 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इन दोनों ने मिलर को समय दे दिया और वह 101 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## आईसीसी क्रिकेट विश्व कप- रजनीकांत ने फिलाने मैच को लेकर कर दी भविष्यवाणी, बोलें- 'यह तो हमारा ही होगा'



19 नवंबर को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का फिलाने होने जा रहा है। जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हर कोई इस दिन का इंतजार कर रहा है।

15 नवंबर को भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का हराया था। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुआ था, जिसे देखने रजनीकांत भी शामिल हुए थे। अब उन्होंने फाइनल मैच के विनर को लेकर अपनी भविष्यवाणी की है।

सेमीफाइनल मैच देखने के बाद अब थलाइवा ने साफ-साफ कह दिया है कि इस बार विश्व कप भारत का होने वाला है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, रजनीकांत ने कहा है कि, ' सेमीफाइनल के दौरान पहले तो मुझे घबराहट महसूस हुई थी, लेकिन बाद में जब विकेट गिरते रहे तो सब ठीक हो गया। उस डेढ़ घंटे के दौरान मैं काफी घबराया हुआ था, लेकिन मुझे 100% यकीन है कि विश्व कप हमारा है।

# संपादकीय

## मतदाता को पाले में खींचने का प्रयास

चुनाव के समय राजनीतिक दल न केवल अपने घोषणा-पत्रों में बढ़-चढ़ कर लोकलुभावन वादे करते, बल्कि नकदी, आभूषण, महंगे उपहार और नशीले पदार्थ आदि बांट कर भी मतदाता को अपने पाले में खींचने का प्रयास करते देखे जाते हैं। यह अब एक तरह से परिपाटी बन गई है। हालांकि हर चुनाव में प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा तय है और निर्वाचन आयोग दम भरता है कि वह स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराएगा। इसके लिए जगह-जगह छापामार दल तैयार किए जाते हैं, जो चुनाव के समय अवैध रूप से मतदाताओं को लुभाने वाली गतिविधियों पर नजर रखते और नकदी आदि बांटने पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। मगर हकीकत यही है कि हर चुनाव में नकदी और महंगे उपहार, शराब वगैरह का चलन बढ़ता गया है। भी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बताया है कि पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के दौरान जब्त की गई राशि पहले के चुनावों की तुलना में काफी बढ़ी हुई है। इस मामले में राजस्थान अव्वल है, जहां पहले की तुलना में करीब तीन गुना अधिक राशि जब्त की जा चुकी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन राज्यों में कितने बड़े पैमाने पर नकदी, शराब वगैरह बांटी गई। चुनाव सुधार को लेकर लंबे समय से सुझाव दिए जाते रहे हैं। मतदाताओं को अनैतिक रूप से लुभाने की कोशिशों पर रोक लगाने के मकसद से कुछ कड़े प्रावधान भी किए गए। मगर उन कोशिशों का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा, तो जाहिर है इसमें राजनीतिक दलों की इच्छाशक्ति का अभाव है। शायद किसी भी पार्टी में ऐसा नैतिक साहस नहीं है, जो दावा कर सके कि वह तय नियमों से बाहर जाकर चुनाव खर्च नहीं करती। यही वजह है कि स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी बेशक निवचिन आयोग पर है, मगर उसे एक प्रकार से नख-दंतविहीन बना कर रखा गया है। चुनाव में प्रत्याशी के लिए तो खर्च की सीमा तय है, मगर पार्टियों के लिए कोई सीमा नहीं है। इस तरह अक्सर प्रत्याशी अपने तय सीमा से अधिक खर्च को पार्टी खर्च के खाते में दिखा देते हैं। इस तरह चुनावों में बेतहाशा खर्च किया जाने लगा है। निवचिन आयोग के लिए उस पर अंकुश लगाना कठिन बना हुआ है। पार्टियों को चुनावी चंदे के रूप में मिलने वाले गुप्त धन पर अंकुश लगाना तो चुनौती है ही। इस तरह चुनावों में काले धन को सफेद करने की कोशिशों पर रोक लगाना भी मुश्किल काम बना हुआ है।

**अर्ज किया है..!**

*एक दूसरे की तरह होना जरूरी नहीं,*
*एक दूसरे के लिए होना जरूरी है !*

॥ॐ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## इन्सान मृत्यु से नहीं मरता भय से मरता है...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत



# मिलिए अन्ना चांडी से
## जिन्होंने दीपिका पादुकोण को अवसाद से बाहर आने में की मदद

हर वो महिला जो समाज में सकारात्मकता ला रही हैं, नारी शक्ति की मिसाल हैं। घर-परिवार के साथ ही देश और समाज के लिए के बेहतर निर्माण व विकास में योगदान देने वाली हर महिला को एक हीरो की तरह देखना चाहिए। इन्हीं दमदार महिलाओं में एक नाम अन्ना चंडी का है। अन्ना चंडी का अभिनेत्री दीपिका पादुकोण से नाता है। दीपिका एक दमदार अभिनेत्री के साथ ही खुद के दम पर इंडस्ट्री में टॉप पर पहुंचने और मुकाम हासिल करने वाली महिला हैं। वहीं अन्ना चंडी ने दीपिका पादुकोण के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर उन्हें उस मुकाम तक पहुंचने में मदद की, जहां आज दीपिका हैं। आइए जानते हैं अन्ना चंडी के बारे में।

### ◆ कौन हैं अन्ना चांडी

अन्ना चांडी, देश की पहली पर्यवेक्षण और प्रशिक्षण लेनदेन विश्लेषक हैं, जो दीपिका पादुकोण के नेतृत्व वाले लिव लव लाफ फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं। बेंगलुरु के इंदिरानगर इलाके में बोर्ड मार्किंग हेडक्वार्टरों के बीच दीपिका पादुकोण द्वारा स्थापित 'द लिव लव लाफ फाउंडेशन' के मुख्यालय का भी बोर्ड लगा है।

इस मुख्यालय की चेयरपर्सन अन्ना चंडी काउंसलिंग में विशेषज्ञता के साथ इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन एनालिसिस एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त भारत की पहली पर्यवेक्षण और प्रशिक्षण लेनदेन विश्लेषण हैं। उन्हें न्यूरो-भाषाई प्रोग्रामिंग और कला चिकित्सा में भी प्रमाण मिल चुका है। मूल रूप से चेन्नई की रहने वाली अन्ना का ज्यादातर जीवन बेंगलुरु में बीता।

अपने 30 साल के करियर के दौरान अन्ना ने बेहतर अनुभव के साथ ही कई भूमिकाओं में अपना बेहतर योगदान दिया। दक्षिण भारतीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली अन्ना ने बेंगलुरु के बिसप काटेन बालिका स्कूल से शुरुआती शिक्षा हासिल की। आगे की पढ़ाई के लिए माउंट कार्मल कॉलेज में दाखिला लिया।

### ◆ रोगियों की काउंसलिंग करती हैं अन्ना चांडी

शादी के कुछ समय बाद ही अन्ना को पता चला कि उनके पति के भाई को Schizophrenia नाम की बीमारी है, जो एक तरह का मानसिक विकार है। हालांकि शुरुआत समय में परिवार को इस बीमारी के बारे में कुछ अधिक जानकारी नहीं थी। विशेषज्ञ ने उन्हें बीमार को संभालने के तरीके के बारे में सीखने की सलाह दी।

इस दौरान उन्होंने एक एनजीओ विश्वास में फ्रीलांस काम करके करियर की शुरुआत की। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने नेशनल टेलीविजन पर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बात की थी। अवसाद की स्थिति से निकलने में दीपिका को अन्ना चंडी का साथ मिला। आज वह अन्ना की संस्था से जुड़ी हुई हैं

## Highlights

- U'khand tunnel collapse rescuers drill 21 m of rubble overnight
- Delhi govt declares Nov 19 as 'dry day' over Chhath Puja festival
- 2 groups engage in stone pelting at 2 polling booths in MP; 1 hurt
- Mob demands police hand over Udipi quadruple murder accused
- Delhi's AQI inches closer to 'severe plus' category as it hits 437
- Why is Tamil Nadu detaining farmers under the Goondas Act?

# India revenue agency seeks to restart stalled Adani coal imports probe: Report

NEW DEIHI, (Agency). Indian investigators are seeking to restart a probe into Adani Group for alleged overvaluation of coal imports and have asked the Supreme Court to allow them to collect evidence from Singapore, a step they say the company thwarted for years, legal documents show.

The Directorate of Revenue Intelligence since 2016 has been trying to procure transaction documents related to Adani's dealings from Singapore authorities. The agency suspects many of the group's coal shipments imported from Indonesian suppliers were first billed at higher prices on paper to its Singapore unit, Adani Global Pte, and then to its Indian arms.

Also read: Adani Group can now earn more from TDR in Dharavi Redevelopment Project




Adani Enterprises and its subsidiaries, led by billionaire Gautam Adani, have successfully mounted repeated legal challenges in India and Singapore to block the documents' release, court papers show. Adani has denied wrongdoing, saying that Indian authorities assessed its coal shipments before releasing them from ports.

In an Oct. 9 legal filing, which Reuters is reporting for the first time, the revenue intelligence agency asked India's Supreme Court to quash a previous lower court order that allowed Adani to block authorities from collecting evidence from Singapore.

The Indian officials dispute Adani's arguments that the agency did not follow "due process", saying in the filing it had approval to seek information from the Southeast Asian city-state under a mutual legal assistance treaty.

"Permission for following this route was obtained from the Ministry of Finance as well as (the) Ministry of Home Affairs," the 25-page filing states, adding that the investigation "is completely in compliance".

# NRI investment hurdles: Zerodha's Nithin Kamath calls for simplified onboarding

NEW DEIHI, (Agency). Zerodha co-founder Nithin Kamath said non resident Indians are facing challenges in investing in India due to the cumbersome account opening process, notarising requirements, and international courier costs.

In an X post on Wednesday, Kamath compared the NRI account opening process to the pre-digital era of retail broking, emphasising the



complexity involving physical forms, numerous signatures, and extended timelines.

"NRI account opening reminds me of how retail broking worked before it became digital, thanks to Aadhaar, e-Sign, and Digilocker. Physical applications, couriers back & forth, ~30+ signatures, & more reasons to drop off," Kamath said in a LinkedIn post.

How to open an NRI account?

To open an NRI account, Kamath explained that you need to complete physical forms and notarize documents by visiting banks or embassies. The process, averaging over 30 days from expressing interest to the first trade, is handled by a single person on the NRI team who opens around 100 accounts monthly. In contrast, resident accounts can be opened online, allowing customers to trade within 24 hours. A member of the resident account opening team can efficiently open 40 times more accounts compared to the NRI team.

# वोटिंग के दौरान विवाद, दो घायल

## ◆आरोपियों ने तलवार से किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू में वोटिंग के दौरान विवाद हो गया और दो लोगों पर हमला कर दिया गया। इस हमले में दो लोग घायल हुए है। घायलों का आरोप है कि मतदान केंद्र के बाहर कुछ लोग उनके पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे। उनकी बात नहीं मानी तो उन्होंने तलवार से हमला कर दिया।**

जानकारी के अनुसार, महू बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मांगलिया में मतदान के दौरान तलवारबाजी हुई है। मामले की जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी भी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। घायल दया राम ने बताया वह वोट डालने गया था। आरोप है कि इसी दौरान पोलिंग बूथ पर ही ऋतिक, बीरबल डावर आए और उनकी पार्टी पक्ष में वोट डालने का बोल रहे थे। जब मैंने इसका विरोध किया तो ऋतिक ने तलवार निकाल कर हमला कर दिया। घटना में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है दोनों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

### नशे के लिए 2 हजार रु. मांगे, मारपीट की

बदमाशों ने एक युवक को धमकाकर पैसे मांगे। जब उसने नहीं दिए तो जमकर मारपीट की। चंदन नगर पुलिस ने 36 वर्षीय बिजेंद्र पिता नृसिंह निवासी राम-बलराम नगर की शिकायत पर वहीं रहने वाले संजय डाबर, अनिल, दिनेश व मनीष के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने कहा आरोपी संजय इन साथियों को लेकर आया और मुझे गालियां देने लगा। बोला हम इस क्षेत्र के दादा हैं। हमें दारू पीने 2 हजार रुपए दे। मैंने बोला मेरे पास पैसे नहीं हैं तो आरोपी गाली देने लगे। मुझसे मारपीट की। इससे मुझे पीठ में चोट आई।

# सब्जी वाले ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में रहने वाले एक 19 साल के सब्जी वाले ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह गुरुवार को अपने कमरे पर था। इस दौरान उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।**

पुलिस के मुताबिक निर्मल (19) पिता हरिशंकर कुशवाह को उनके रिश्तेदार जितेन्द्र गुरुवार को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जितेन्द्र के मुताबिक निर्मल चोइथराम मंडी से निरंजनपुर मंडी में सब्जी सप्लाय का काम देखता था। वह मूल रूप से उज्जैन का रहने वाला है। निर्मल के परिवार में उनका एक बड़ा भाई है जो टेंट का काम करता है। वहीं बहन की इंदौर में ही शादी हुई है। करीब आठ साल पहले माता-पिता की मौत हो चुकी है। बहन की शादी इंदौर में होने के बाद दोनों भाई भी इंदौर आकर काम करने लगे। पुलिस को अभी मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार से बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# 20 लाख की चोरी में हरियाणा से गिरफ्तारी

## ट्रेवल्स संचालक के यहां वारदात में अब दिल्ली, गुड़गांव और हरियाणा में दबिश की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने शहर के एक ट्रेवल्स संचालक के यहां हुई 20 लाख रुपए के माल की चोरी के मामले में एक आरोपी को पकड़ा है। लगातार सीसीटीवी फुटेज निकालने के बाद टोल से निकली कार के आधार पर हरियाणा से पकड़ाए बदमाश ने बाकी साथियों के नाम बताए हैं। उसने यह भी बताया कि वह किन राज्यों में सक्रिय हैं। पुलिस टीम दो फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी करेगी।**

क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के अंकित सोनी निवासी ग्राम खेड़ी तलवाना महेन्द्रगढ ( हरियाणा ) को पकडा है। अंकित के दो साथी अब भी फरार हैं। अंकित के पकड़ाने के बाद उन्होंने अपने ठिकाने बदल दिए। वह कई राज्यों में वारदात कर चुके हैं। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वे हाईवे के ढाबे और धार्मिक स्थलों को अपना ठिकाना बना लेते हैं। एमआईजी पुलिस अब दो साथियों को लेकर हरियाणा, गुडगांव और दिल्ली में छानबीन करेगी। आरोपी पहले भी कई बार तेलांगना, गुजरात व राजस्थान में चोरी के केस में पकड़े जा चुके हैं।

### ट्रेवल्स संचालक के यहां की थी वारदात

अंकित ने अपने साथियों के साथ मिलकर अनूप नगर में कार्तिक खंडेलवाल के यहां वारदात की थी। 27 अक्टूबर को सफेद रंग की कार से बदमाश यहां रैकी करके पहुंचे और करीब 25 मिनट में ही वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। आरोपी सोने की चेन, डायमंड की ब्रेसलेट,सोने की अंगूठी,डायमंड का मंगल सूत्र,दो जोड़ गोल्ड की ईयर रिंग,सोने की रिंग सहित अन्य डायमंड के सेट और लाखों रुपए केश लेकर फरार हो गए थे। कार्तिक खंडेलवाल ने संदिग्ध कार के फुटेज खुद पुलिस को सौंपे थे।

## बुजुर्ग महिला ने खुद को लगाई आग

**इंदौर।** 80 साल की एक बुजुर्ग महिला ने खुद पर घासलेट डालकर आग लगा ली उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हीरानगर पुलिस ने बताया कि रमाबाई निवासी ईश्वर नगर को जलने के चलते एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है। रमाबाई की एक बेटी और एक बेटा है जो उसके घर में रहता है रमाबाई के घर में एक संस्था सालों से आटा भेज रही थी। रमाबाई को शंका हुई कि बीते कुछ दिनों से उसके घर आटा आना बंद हो गया जिसके चलते वह डिप्रेशन में चली गई और खुद को आग लगा ली।

## सड़क हादसे में मौत

**इंदौर।** भाईदूज मनाकर लौट रहे वार्ड बाय की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। चंदननगर पुलिस ने बताया कि राजेश चौधरी एमवाय अस्पताल में वार्ड बाय का काम करता था। भाईदूज होने के चलते वह बहन के घर गया हुआ था। बाइक से लौटते समय धार रोड स्थित नावदा पंथ के पास उसे किसी वाहन ने चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई। एरोड्रम थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक वाहन चालक की मौत हो गई।




## ड्रेनेज के चेम्बर में मिली युवक की लाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ड्रेनेज के चेम्बर की सफाई की दौरान पुलिस ने अज्ञात युवक की लाश बरामद की है। परदेशीपुरा पुलिस को धर्मेन्द्र चौहान निवासी 156 क्लर्क कालोनी ने बताया कि उसके घर की पीछे बैकलाइन का चेम्बर कई बार चौक हो रहा था। बार-बार चेम्बर चौक होने से वे परेशान हो गए थे। गुरुवार को उन्होंने स्वीपर को बुलाया और पूरा चेम्बर ठीक से साफ करने को कहा। स्वीपर चेम्बर साफ कर रहा था, तभी 25-30 साल के युवक की शव मिला। शव चेम्बर में कहां से आया, इसका पता नहीं चला। पुलिस शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, मकान मालिक स्कूल संचालक है। चूंकि, बेकलाइन में ड्रेनेज का चेम्बर उसके मकान की जद में आता है। ऐसे में आशंका है कि मकान मालिक अथवा उसके किराएदार ने शव फेंका होगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## फ्लाइट में छेड़छाड़

इंदौर। उदयपुर से इंदौर आई एक फ्लाइट में छेड़छाड़ की घटना हो गई। महिला दंपती ने इस मामले में इंदौर के एरोड्रम थाने में पैसेंजर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस अब मामले में एअरपोर्ट अथॉरिटी से जानकारी ले रही है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक 34 साल की महिला ने बताया कि वह इंडिगो फ्लाइट नंबर 6 ई 7438 उदयपुर से इंदौर के लिये अपने पति के साथ आ रही थी। प्लेन में बैठने के दौरान नजदीक में बैठे व्यक्ति ने गलत तरीके से उन्हें टच किया। मामले में उन्होंने प्लेन के मेंबरो की इसकी जानकारी दी। इसके बाद इंदौर पहुंचने पर एरोड्रम थाने आकर शिकायत की।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।